# SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ‖ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ‖

SarkariExam.Com

## Special 20 Questions for Current Affairs 05/03/2020

**Q1.** सरकार ने पैरासिटामॉल सहित कितनी फॉर्मूलेशन और एपीआई के निर्यात पर रोक लगा दी है?

क. 12

ख. 15

ग. 22

घ. 26

सरकार ने हाल ही में पैरासिटामॉल सहित 26 फॉर्मूलेशन और एपीआई यानी एक्टिव फार्मास्यूटिकल्स इंग्रीडिएंट्स के निर्यात पर रोक लगा दी है. चीन सहित

देशों में कोरोनावायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है.

Q2. निम्न में से किस बैंक को आईपीओ के लिए सेबी ने मंजूरी दे दी है?

क. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ख. इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक

ग. यस बैंक

घ. बंधन बैंक

सेबी ने हाल ही में इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक को आईपीओ के लिए मंजूरी दे दी है. रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्ट्स के मुताबिक,ऑफर के तहत बैंक 550 करोड़ रुपए की नई इक्विटी जारी की जाएगी.

Q3. भारत की किस राज्य सरकार ने ऑनलाइन खाने की सप्लाई पर रोक लगाने का फैसला किया है?

क. दिल्ली सरकार

ख. गुजरात सरकार

ग. पंजाब सरकार

घ. महाराष्ट्र सरकार

पंजाब सरकार ने हाल ही में ऑनलाइन खाने की सप्लाई पर रोक लगाने का फैसला किया है. जो फूड स्टैंडर्ड एंड सेफ्टी एक्ट के नियमों के तहत हाइजीन रेटिंग में नहीं वे ऑनलाइन खाने की सप्लाई नहीं कर सकते है.

SarkariExam.Com

Q4. भारतीय रेल ने हाल ही में किस रेलवे स्टेशन पर अपना पहला 'रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स' लॉन्च किया है?

क. निज्जामुदीन रेलवे स्टेशन

ख. गोरखपुर रेलवे स्टेशन

ग. छत्रपति शिवाजी रेलवे स्टेशन

घ. आसनसोल रेलवे स्टेशन

भारतीय रेल ने हाल ही में आसनसोल रेलवे स्टेशन पर अपना पहला 'रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स' लॉन्च किया है. जहा पर यात्रियों और आम लोगों के लिए भोजनालय है. इस रेलवे स्टेशन में 2 पुराने एमईएमई कोचों को विकसित किया गया है.

Q5. एपल कंपनी ने पुराने आईफोन को जानबूझकर स्लो करने के मुकदमों में यूजर्स को कितने करोड़ डॉलर का भुगतान करने की घोषणा की है?

क. 10 करोड़ डॉलर

ख. 20 करोड़ डॉलर

ग. 50 करोड़ डॉलर

घ. 80 करोड़ डॉलर

एपल कंपनी ने पुराने आईफोन को जानबूझकर स्लो करने के मुकदमों में यूजर्स को 50 करोड़ डॉलर का भुगतान करने की घोषणा की है. अदालत के दस्तावेजों के मुताबिक, अमेरिका के सभी प्रभावित यूजर्स को 25-25 डॉलर दिए जाएंगे.

SarkariExam.Com

Q6. रिलायंस कैपिटल ने एचडीएफसी और किस बैंक को 5.5 करोड़ रुपए के ब्याज भुगतान पर डिफॉल्ट किया है?

क. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ख. बैंक ऑफ़ इंडिया

ग. एक्सिस बैंक

घ. बैंक ऑफ़ जम्मू कश्मीर

रिलायंस कैपिटल ने एचडीएफसी और एक्सिस बैंक को 5.5 करोड़ रुपए के ब्याज भुगतान पर डिफॉल्ट किया है. अनिल अम्बानी की रिलायंस कैपिटल ने एचडीएफसी बैंक से 523.98 करोड़ रुपए और एक्सिस बैंक से 100.63 करोड़ रुपए का लोन लिया है.

Q7. नाडा ने किस पूर्व एशियाई सिल्वर मेडल विजेता से डोपिंग प्रतिबंध को हटा दिया है?

क. सुशील पहलवान

ख. संजय माथुर

ग. सुमित सांगवान

घ. संजय नांगल

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने हाल ही में पूर्व एशियाई सिल्वर मेडल विजेता सुमित सांगवान से डोपिंग प्रतिबंध को हटा दिया है. सुमित सांगवान को दिसंबर 2019 में वाडा की प्रतिबंधित सूची में शामिल पदार्थ के सेवन का दोषी पाया गया था.

SarkariExam.Com

Q8. 4 मार्च को पूरे भारत में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. राष्ट्रीय महिला दिवस

ख. राष्ट्रीय डाक दिवस

ग. राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

घ. राष्ट्रीय मात्रभाषा दिवस

4 मार्च को पूरे भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस (National Security Day) मनाया जाता है. इस दिवस को मनाने के उद्देश्य हमारे जीवन के विभिन्न समयों में जागरूकता न होने या ध्यान न देने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है.

Q9. कारबाओ कप यानी इंग्लिश फुटबॉल लीग कप लगातार कौन सी बार हाल ही में मैनचेस्टर सिटी ने जीता है?

क. दूसरी बार

ख. तीसरी बार

ग. चौथी बार

घ. पांचवी बार

कारबाओ कप यानी इंग्लिश फुटबॉल लीग कप लगातार तीसरी बार हाल ही में मैनचेस्टर सिटी ने जीता है. मैनचेस्टर सिटी लगातार तीसरी बार यह कप जीतने वाली दूसरी टीम बन गयी है. इससे पहले लिवरपूल ने 1980 से 1984 तक ख़िताब जीते थे.

SarkariExam.Com

Q10. कोरोना वायरस की वजह से भारत ने किस देश के नागरिको का जारी वीजा रद्द कर दिया है?

क. जापान

ख. चीन

ग. ईरान

घ. इराक

कोरोना वायरस की वजह से भारत ने ईरान देश के नागरिको का जारी वीजा या ई-वीजा को रद्द कर दिया है. हाल ही में ईरान में अयातोला अली खामेनेई के सलाहकार मोहम्मद मीरमोहम्मदी की कोरोना वायरस से मौत हो गई है और ईरान में अब तक 66 लोग कोरोना वायरस से मर चुके है.

Q11. हाल ही में किस राज्य सरकार ने अपना नया बजट पेश करते हुए 100 यूनिट बिजली मुफ्त करने की घोषणा की है?

क. केरल सरकार

ख. गुजरात सरकार

ग. पंजाब सरकार

घ. झारखण्ड सरकार

झारखण्ड सरकार ने हाल ही में अपना नया बजट पेश करते हुए 100 यूनिट बिजली मुफ्त करने की घोषणा की है. हेमंत सोरेन सरकार ने 86 हजार करोड़ रुपये अपना पहला बजट पेश किया है जिसमे शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर फोकस किया गया है.

SarkariExam.Com

Q12. निम्न में से किस राज्य सरकार ने अपना बजट 2020 पेश करते हुए राजीव गांधी किसान न्याय योजना के लिए 5100 करोड़ का प्रावधान किया है?

क. दिल्ली सरकार

ख. छत्तीसगढ़ सरकार

ग. महाराष्ट्र सरकार

घ. बिहार सरकार

छत्तीसगढ़ सरकार ने हाल ही में अपना बजट 2020 पेश करते हुए राजीव गांधी किसान न्याय योजना के लिए 5100 करोड़ का प्रावधान किया है. साथ ही इस बजट में स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ोतरी की गयी है.

Q13. नॉर्थ ईस्ट लिंकनशायर के ग्रिम्सबी की रहने किस महिला ने मिस ग्रेट ब्रिटेन का खिताब जीता है?

क. जेन एटकिन्स

ख. चलीज़ ठेरों

ग. एमा स्टोन

घ. मेगन फॉक्स

नॉर्थ ईस्ट लिंकनशायर के ग्रिम्सबी की रहने महिला 26 वर्षीय जेन एटकिन्स ने मिस ग्रेट ब्रिटेन का खिताब जीता है. उन्होंने पिछले कुछ सालो में अपना 57 किलो वजन कम करके खुद को फिट बनाया है.

SarkariExam.Com

Q14. केंद्र सरकार ने किस राज्य में “राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य” को पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया है?

क. गुजरात

ख. बिहार

ग. कर्नाटक

घ. मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश के “राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य” को पारिस्थितिक रूप से केंद्र सरकार ने संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया है. यह राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य पुरे भारत में गंगा डॉल्फ़िन और अत्यंत लुप्तप्राय घड़ियाल के लिए प्रसिद्ध है.

Q15. आरबीआई के द्वारा 2 साल पहले बैन करने के बाद किसने हाल ही में क्रिप्टोकरंसी में ट्रेडिंग की मंजूरी दे दी है?

क. केंद्र सरकार

ख. निति आयोग

ग. सुप्रीम कोर्ट

घ. महाराष्ट्र हाईकोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आरबीआई के द्वारा 2 साल पहले बैन करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में क्रिप्टोकरंसी में ट्रेडिंग की मंजूरी दे दी है. 6 अप्रैल 2018 को आरबीआई ने क्रिप्टोकरंसी से जुड़े लेन-देन पर रोक लगाई थी.

SarkariExam.Com

Q16. आरकॉम के रिजोल्यूशन प्लान को हाल ही में किसने मंजूरी दे दी है?

क. निति आयोग

ख. सुप्रीमकोर्ट

ग. दिल्ली हाईकोर्ट

घ. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में आरकॉम के रिजोल्यूशन प्लान को मंजूरी दे दी है. जिसमे बैंकों के 23000 करोड़ रुपए वापस आ जाएंगे. रिलायंस जियो ने आरकॉम की टॉवर और फाइबर बिजनेस को खरीदने के लिए 4700 करोड़ रुपए का ऑफर किया है.

Q17. निम्न में से किस ड्रामा/फिल्म ने 5 मार्च 2018 को 90वें अकादमी पुरस्कार पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित चार ऑस्कर जीते थे?

क. द शेप ऑफ़ वाटर

ख. एवेंजर

ग. फ़ास्ट फुरीयस

घ. द डार्क नाईट

ड्रामा/फिल्म द शेप ऑफ़ वाटर ने 5 मार्च 2018 को आज ही के दिन 90वें अकादमी पुरस्कार पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित चार ऑस्कर जीते थे.

SarkariExam.Com

Q18. आईसीसी की महिला टी-20 की ताजा वर्ल्ड रैंकिंग में कौन से महिला खिलाडी 19 स्थान की बढ़ोतरी के साथ पहले स्थान पर पहुच गयी है?

क. हरमनप्रीत कौर

ख. शेफाली वर्मा

ग. तानिया भाटिया

घ. दीप्ति शर्मा

इंडियन वीमेन क्रिकेट टीम की ओपनर शेफाली वर्मा हाल ही में आईसीसी की महिला टी-20 की ताजा वर्ल्ड रैंकिंग में 19 स्थान की बढ़ोतरी के साथ पहले स्थान पर पहुच गयी है. उनके 761 पॉइंट है. जबकि पहले स्थान पर रही न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स अब दुसरे स्थान पर आ गयी है.

Q19. भारतीय पुरुष हॉकी टीम विश्व रैंकिंग में कौन से स्थान पर पहुच गयी है?

क. दुसरे

ख. तीसरे

ग. चौथे

घ. सातवे

भारतीय पुरुष हॉकी टीम विश्व रैंकिंग में हाल ही में चौथे स्थान पर पहुच गयी है. भारत एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पहले तीन दौर में शानदार फॉर्म से पांचवें स्थान से चौथे स्थान पर पहुंचने में सफल रहा है.

SarkariExam.Com

Q20. चीन के बाद किस देश में हाल ही में कोरोना प्रभावितों की संख्या लोगो की संख्या करीब 5000 पहुच गयी है?

क. ऑस्ट्रेलिया

ख. अमेरिका

ग. ईरान

घ. दक्षिण कोरिया

दक्षिण कोरिया में हाल ही में कोरोना प्रभावितों की संख्या लोगो की संख्या करीब 5000 पहुच गयी है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण कोरिया में 477 नए मामलों की पुष्टि हुई है.

SarkariExam.Com